भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

24.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 5085 का उत्तर

फाल्टन-पंढरपुर रेललाइन

5085. श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सरकार ने फाल्टन पंढरपुर रेल लाइन के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है;**

(ख) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यह मंजूरी किस तिथि को दी गई है और यह कार्य कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;**

(ग) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;**

(घ) **क्या पंढरपुर रेल लाइन अन्य राज्यों की सीमाओं से भी जुड़ती है; और**

(ङ) **इस रेल लाइन को शीघ्र पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

Sk

फालटन-पंढरपुर रेललाइन के संबंध में 24.07.2019 को लोक सभा में श्री रंजीतसिन्हा हिंदूराव नाईक निम्बालकर के अतारांकित प्रश्न सं. 5085 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (ङ): फालटन-पंढरपुर (108.70 किमी.) नई लाइन परियोजना को अपेक्षित सरकारी अनुमोदनों के अध्यधीन, बजट 2017-18 में शामिल किया गया था। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार, इस नई लाइन परियोजना की लागत (-) 3% की प्रतिफल दर के साथ 1,153 करोड़ रु. आँकी गई है।

चालू नई लाइन परियोजनाओं की भारी संख्या और वित्तीय अलाभप्रदता को ध्यान में रखते हुए, परियोजना की संपूर्ण लागत को वहन करना रेलवे के लिए अत्यंत कठिन है। तदनुसार, परियोजना की 50% लागत को वहन करने की सहमति देने तथा निःशुल्क भूमि भी उपलब्ध करवाने के लिए महाराष्ट्र सरकार से अनुरोध किया गया है ताकि परियोजना की स्वीकृति के लिए कार्यवाही की जा सके।

फालटन-पंढरपुर प्रस्तावित लाइन पूर्णतः महाराष्ट्र में पड़ती है।

******

Sk